# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 04 मई 2024, शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा दमन के दुनेठा में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**राहुल बाबा चुनाव लड़ने के लिए यहाँ से वहाँ भाग रहे हैं**

*********************

**राहुल जी सीट में कोई दिक्कत नहीं है, दिक्कत आप में हैं। आप जहाँ जाओगे वहाँ हारोगे**

*********************

**21वें ट्रायल में भी क्रैश होगा राहुल नाम का यान**

*********************

**भाजपा ने राम मंदिर बनाया, माँ काली का शिखर सजाया, काशी विश्वनाथ कॉरीडोर बनाया और अब सोमनाथ का मंदिर स्वर्ण का बन रहा है**

*********************

**कांग्रेस के कारण दमन को देर से स्वतंत्रता मिली और विकास नहीं पहुंचा**

*********************

**पूरे देश में है मोदी-मोदी की गूँज**

*********************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को दमन के दुनेठा में जनसभा को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में भाजपा शासन में विगत एक दशक में हुए जन-कल्याणकारी और विकास कार्यों की सराहना की और कांग्रेस के भ्रष्टाचार और विभाजनकारी नीतियों पर करारा प्रहार किया। कार्यक्रम के दौरान मंच पर स्थानीय प्रत्याशी श्री लालू भाई पटेल एवं श्रीमती कलाबेन डेलकर सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में आने के बाद इस संघ प्रदेश का अनेक दृष्टि से समग्र देश के आकर्षण का केंद्र बना है। 2024 के चुनाव के लिए इस देश की जनता के पास दो विकल्प हैं। एक ओर चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी जी हैं और दूसरी ओर गरीब चाय बेचने वाले के घर पर पैदा हुए श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। **23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुए दीपावली के दिन भी छुट्टी लिए बगैर सीमा पर सेना के जवानों के साथ दीपावली मनाने वाले श्री नरेन्द्र मोदी हैं और दूसरी ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही थाईलैंड और बैंकाक छुट्टी पर जाने वाले राहुल बाबा हैं।** एक ओर 12 लाख करोड़ रुपए के घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार करने वाली इंडी अलायंस और कांग्रेस पार्टी है तो दूसरी ओर 23 साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने के बाद भी जिस व्यक्ति पर 25

पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप भी नहीं है, ऐसे नरेन्द्र मोदी हैं। **एक ओर तुष्टीकरण करके एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर डाका डालकर मुसलमानों को देने वाली कांग्रेस पार्टी है तो वहीं दूसरी तरफ एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण को मजबूती के साथ बचाने वाली कांग्रेस पार्टी है।** आप सभी भाई-बहनों को इन दो खेमों के बीच में चुनाव करना है। देश की जनता तय करके बैठी है कि 400 सीटों के साथ नरेन्द्र मोदी जी को बहुमत देना है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि देश की जनता अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को 400 से ज्यादा सीटों पर विजयी बनाने का तय कर चुकी है। श्री लालू भाई पटेल और श्रीमती कलाबेन डेलकर को दिया हुआ एक-एक वोट अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए जाएगा। **अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब देश से हमेशा के लिए आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करना है, भारत को दुनिया का तीसरे स्थान का अर्थतंत्र बनाना, देश के 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर मुहैया करवाना, 3 करोड़ गरीब बहनों को लखपति दीदी बनाना, 10 करोड़ गरीबों को सूर्य घर योजना से मुफ़्त बिजली देना और 11 करोड़ किसानों को 5 वर्ष में 3 लाख करोड़ रुपए सीधे उनके खाते में भेजना है।** अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मतलब है मोदी की सभी गारंटियों को जमीनी स्तर पर लागू करना। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह करती है।

श्री शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे सवाल करते हैं कि धारा 370 का राजस्थान और दमन-दीव की जनता से क्या लेना देना है? दमन-दीव के लोग कश्मीर के लिए जान देने को तैयार हैं। **कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण के लिए धारा 370 को बनाए रखा था, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 5 अगस्त 2019 को धारा 370 को समाप्त करके कश्मीर को सदैव के लिए भारत का अभिन्न अंग बना दिया है।** कांग्रेस पार्टी ने दशकों तक राम मंदिर के मुद्दे को अधर में लटकाए रखा, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर का निर्माण करवाकर प्रभु श्रीराम को टेंट से निकालकर भव्य राम मंदिर में विराजमान किया। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने वोट बैंक के तुष्टीकरण की राजनीति के चलते राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण को भी ठुकरा दिया।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में करोड़ों गरीबों के जीवन में उजाला भरने का काम किया है।** 80 करोड़ लोगों को प्रति माह प्रति व्यक्ति 5 किलो अनाज निःशुल्क मुहैया करवाया जा रहा है,  12 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया, 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए, 14 करोड़ लोगों के घरों तक नल से जल पहुंचाया। कोरोना महामारी के समय आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सही समय पर सही फैसला लेकर जान है तो जहान है के मंत्र पर काम करते हुए लॉकडाउन लगाकर 140 करोड़ देशवासियों को बचाने का काम किया है। कांग्रेस का कहना था कि कोरोना की वैक्सीन मत लगवाओ यह मोदी का टीका है लेकिन इस देश की जनता ने अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी पर भरोसा किया और कोरोना की लड़ाई लड़ी। **आज के समय में कांग्रेस बिल्कुल पस्त हो चुकी है। पहले राहुल गांधी श्रीमती स्मृति ईरानी के खिलाफ अमेठी से चुनाव लड़ते थे लेकिन हार के बाद वे वायनाड गए और वहां जोखिम को भाँपते हुए रायबरेली की तरफ अपने कदम बढ़ा रहे हैं।** राहुल गांधी को समझना होगा कि दिक्कत सीटों में नहीं है दिक्कत उनके अंदर है। **कांग्रेस रायबरेली में भी प्रचंड बहुमत से हारने वाली है**। अदारणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक बार में ही चंद्रयान को लॉन्च कर के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारा लेकिन सोनिया

गांधी राहुलयान को 20 बार लॉन्च कर चुकी है लेकिन वह कभी धरती पर उतरा ही नहीं और अब 21 वें ट्रायल में भी कांग्रेस का राहुल यान फेल ही होगा।

श्री शाह ने **कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि इंडी गठबंधन के पर प्रधानमंत्री पद का कोई उम्मीदवार ही नहीं है। इंडी गठबंधन के एक नेता का कहना है कि सभी लोग बारी-बारी से एक साल के लिए प्रधानमंत्री बन जाएंगे। लेकिन उन्हें यह समझना होगा कि इस तरह से देश नहीं चलता। इस देश का नेतृत्व केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।** 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले करने वाला इंडी गठबंधन देश को नहीं संभाल सकता है। **कांग्रेस के हाथ अगर गलती से भी देश पड़ गया और कोरोना जैसी महामारी आयी तो ये देश संभाल सकते है क्या? आतंकवाद को संभाल सकते हैं क्या? पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं क्या? चंद्रयान को चंद्रमा तक भेज सकते हैं क्या? वैक्सीन ला सकते हैं क्या? करोड़ों गरीबों का भला कर सकते हैं क्या?** ये अगर कुछ कर सकते हैं तो केवल 12 लाख करोड़ का भ्रष्टाचार कर सकते हैं और कुछ नहीं कर सकते हैं और इसलिए आज पूरा देश आदरणीय मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का तय किया है। **मैं आज बताना चाहता हूं कि कांग्रेस के कारण की दमन दीव को देर से स्वतंत्रता मिली थी और उनके कारण ही यहां विकास देर से पहुंचा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दमन दीव के लिए कुछ नहीं किया लेकिन मोदी जी ने पर्यटन को बढ़ावा दिया, होम स्टेट कल्चर शुरू किया, ईज आफ टूरिज्म को बढ़ाया, एयरपोर्ट को बनवाया और दीव एक ऐसा पहला जिला है जिसमें दिन में शत प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा से चलता है। मल्टीस्पोर्टस के बीच गेम हुए, 1600 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, 300 बेड का नया सरकारी अस्पताल बना, मेडिकल कॉलेज बना, अहमदाबाद और सूरत के लिए हवाई सेवा शुरू हुई, 6000 यात्री अब तक उस पर आवागमन भी कर चुके हैं,सोमनाथ और दमन से मुंबई के बीच में भी हवाई सेवा शुरू करने का काम भी नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। दीव दमन के 8000 मछुआरों को बायोमैट्रिक कार्ड देने का कार्य भी नरेन्द्र मोदी जी ने किया है और इस तरह से पूरे दमन दीव में विकास का कार्य हमारी सरकार ने किया है। श्री शाह ने दमन दीव की जनता से कमल के निशान पर बटन दबाकर श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए दोनों प्रत्याशियों श्री लालू भाई पटेल एवं श्रीमती कलाबेन डेलकर को विजयी बनाने की अपील की।

*****************